संलग्नक-3

# कार्यालय--उप परियोजना निदेशक
## यू0डी0डब्लू0डी0पी0, फेज-II पौड़ी गढ़वाल

ई-मेल- dpdpauri@gmail.com वैबसाइट-www.wmduk.gov.in

पत्रांक 929 / कार्यवृत /2021-22/ दिनाँक 20 / 04 / 2022

**जिला स्तरीय तकनीकी एवं मार्गदर्शन समिति की द्वितीय छःमाही बैठक का कार्यवृत्त**

जिला स्तरीय तकनीकी एवं मार्गदर्शन समिति की द्वितीय छः माही बैठक का शासनादेश संख्या 50/2018-52(5) 2017 दिनांक 18.02.2019 के अनुपालन में दिनांक 26.03.2022 को श्रीमान जिलाधिकारी महोदय गढ़वाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन, जिलाधिकारी समागार में किया गया। जिसमें समिति के पदाधिकारियों/सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया उपस्थिति निम्नानुसार है-

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमान विजय कुमार जोगदंडे | जिलाधिकारी गढ़वाल | अध्यक्ष |
| 2 | श्रीमान प्रशांत कुमार आर्य | मुख्य विकास अधिकारी, पौड़ | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री आर0 सी0 तिवारी | उप परियोजना निदेशक, जलागम, पौड़ी | सदस्य सचिव |
| 4 | डॉ0 रमेश नितवाल | सी0 वी0 ओ0 पौड़ी | सदस्य |
| 5 | श्री अमरेन्द्र चौधरी | सी0 ए0 ओ0 पौड़ी | सदस्य |
| 6 | श्री मुकेश दत्त | ई0ई0 (एम0आई0) पौड़ी | सदस्य |
| 7 | श्री राजेन्द्र सिंह रावत | एस0डी0ओ0 वन प्रभाग पौड़ी | सदस्य प्रतिनिधि |
| 8 | श्रीमती भागेश्वरी देवी | ग्राम प्रधान, उतरीछा | सदस्य |
| 9 | श्री संजीव पाल | ए0डी0ओ0 जयहरीखाल | सदस्य प्रतिनिधि |
| 10 | श्री पी0 डी0 ढौंडियाल | अपर उद्यान अधिकारी | सदस्य प्रतिनिधि |
| 11 | योगेन्द्र सिंह नेगी | ए0बी0डी0ओ0 डुगड्डा | सदस्य प्रतिनिधि |
| 12 | श्रीमती अन्जू चमोली | महिला सशक्तिकरण बाल विकास अधिकारी | सदस्य |
| 13 | भूपेन्द्र सिंह | डी0ओ0ए0 नाबार्ड | सदस्य |
| 14 | डॉ0 जे0सी0 पान्डे | एस0टी0सी0 जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून | सदस्य |
| 15 | श्री सत्यप्रकाश | उद्यान अधिकारी, जलागम, पौड़ी | — |
| 16 | श्री सुनील बडोनी | एम0आई0एस0, जलागम पौड़ी | — |
| 17 | श्री अनिल कुमार बौठियाल | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, जलागम पौड़ी | — |
| 18 | श्री सुन्दर रमोला | प्रोजेक्ट एसोसिएट | — |
| 19 | सुश्री गीता रावत | जेंडर एक्सपर्ट | — |
| 20 | श्री विकास वर्मा | कम्यूनिटी इंस्टिटयूश्नल एक्सपर्ट | — |
| 21 | श्री जितेन्द्र खर्कवाल | सी0आर0पी0 | — |
| 22 | श्रीमती संतोषी | सी0आर0पी0 | — |
| 23 | श्री गिरीश चन्द्र शैली | कृषि अधिकारी | — |
| 24 | श्री प्रमोद कुमार काला | क्षेत्र प्रसार अधिकारी | — |
| 25 | श्री सोहन लाल कण्डवाल | टीम लीडर, जैफ-6 | — |
| 26 | श्री युगल किशोर नयाल | एम0आई0एस0 एक्सपर्ट | — |

सर्वप्रथम उप परियोजना निदेशक जैफ-6, पौड़ी द्वारा प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार उप परियोजना निदेशक जैफ-6 द्वारा परियोजना के विषय में प्रस्तुतिकरण किया गया। परियोजना का उददेश्य, जैव विविधता वन परिदृष्य, कृषि क्षेत्र का विकास करते हुए, राष्ट्र एवं विश्व

पर्यावरण सुधार हेतु परिवर्तन कारक/उत्प्रेरक के रूप में कार्य करें। उप परियोजना निदेशक जैफ–6 द्वारा प्रस्तुतिकरण में निम्नानुसार परियोजना के विषय में प्रकाश डाला गया।

1. परियोजना का उददेश्य, परियोजना की कियावयन अवधि एवं परियोजना की वित्त पोषण संस्था के विषय संक्षिप्त रूप से अवगत कराया।

2. राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर एवं जिला स्तर की प्रबन्ध इकाई के विषय में बताया गया। साथ ही विभिन्न स्तरों पर तकनीकी मार्गदर्शन इकाईयों के विषय में बताया गया।

3. परियोजना के अन्तर्गत तीनों घटकों के विषय में भी प्रस्तुतिकरण किया गया एवं उत्तराखण्ड हेतु धनराशि 5.87MUSS है तथा बताया गया कि परियोजना के अन्तर्गत कुल आच्छादित क्षेत्र 1,63494.00 है0 एवं लैंडस्केप अन्तर्गत अति वरियता वाला आच्छादित क्षेत्र 10818.69 है0।

4. राजाजी लैंडस्केप के अन्तर्गत मुख्य चुनौतियां/मुददे के विषय में बताया गया, जिसमें निम्न मुख्य हैं–
   - स्थानीय फसल प्रजातियों/किस्मों के साथ–साथ परम्परागत कृषि प्रणालियों के उपयोग की कमी।
   - जैव विविधता में कमी, कृषि भूमि एवं प्राकृतिक जल श्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव।
   - तेजी से फैलने वाली विदेशी खर–पतवार।
   - मौसम परिवर्तन से आर्थिक रूप से सक्षम खेती पर आधारित गतिविधियों से प्राप्त कम आय व अन्य आजीविका की कमी आदि कारणों से पलायन।
   - वन क्षरण एव भूमि कटाव को रोकना।
   - ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम करना। आदि से अवगत कराया गया।

5. बैठक में अब तक की प्रगति से अवगत कराया गया कि अब तक 19 क्षेत्रीय कार्यकर्ता (सी0 आर0 पी0) की नियुक्ति जिला स्तर पर की जा चुकी है। जिनके द्वारा स्टेक होल्डर मैपिंग पूर्ण कर ली गई है तथा परिवार सर्वेक्षण का कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है।

6. बैठक में विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि Village Implementation Committee का गठन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाए क्योंकि कॉरबेट, राजाजी लैंडस्केप में राजस्व ग्राम का आकार–क्षेत्रफल/जनसंख्या अनुसार बहुत छोटा है। अतः Village Implementation Committee का गठन ग्राम पंचायत लेवल पर करना उचित होगा।

7. बैठक में विचार विमर्श किया गया कि टी0एस0जी0 में सदस्य के रूप में प्रभागीय वनाधिकारी, लैंसीडॉन प्रभाग व उद्यान विशेषज्ञ कोटद्वार तथा कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, कोटद्वार को जोड़ा जाना उचित होगा।

8. अंत में जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में निम्न सुझाव एवं निर्देश दिये।
   - जैव विविधता के विषय पर अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रकाश डाला गया एवं कृषि विभाग उद्यान विभाग को निर्देशित कियां गया जैव विविधता बनाये रखने हेतु मिश्रित प्रजाति की फसलों का प्रयोग करना चाहिए।
   - जल श्रोतो के सूखने पर क्षेत्र मे जल की कमी हो जाने के कारण फसल का उत्पादन ठीक से नही हो रहा है उनके द्वारा सुझाव दिया गया जल श्रोतों का उपचार करते हुए स्थानीय जल श्रोतो को ही उपयोग में लाना चाहिए जिस हेतु पानी की बचत हेतु स्प्रिंकलर, ड्रिप आदि का प्रयोग कर पानी सिंचाई क्षमता वटानी चाहिए। यदि इस स्थानों पर आर्टीजन कूप के समभावना है तो आर्टीजन कूप लगाए जाने पर अत्यन्त उपयोगी होंगे।

- खेती हेतु उन्नत औजार उपलब्ध करवाये जाना उपयुक्त होगा ताकि कृषक उन्नत विधियों से खेती का अधिक से अधिक उपयोग कर सके। एवं भूमि क्षरण को रोकने उपाय अवश्य किये जायें। कृषि विभाग से फार्म मशीनरी योजना का लाभ भी कृषको को दिया जाय। पलायन को रोकने के लिए युवाओं को नावार्ड, वीर चन्द्र सिंह गढवाली आदि योजनाओं से जोडना चाहिए तथा इको टूरिजम एवं होमस्टे से बनाने हेतु प्रेरित करना चाहिए जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके और पलायन रूक सके।
- सम्बन्धित तीनों खण्ड विकास अधिकारियों से भी इस सम्बन्ध में बैठक की जानी चाहिए क्योंकि योजना से सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी वह उपलब्ध होते है।
- इस योजना में सी0आर0पी0 का योगदान अति महत्वपूर्ण है । इस हेतु इको टूरिज्म के माध्यम से क्षेत्रीय युवाओं को आय बढाने हेतु उन्हें इस से सम्बन्धित प्रशिक्षण का भी प्राविधान किया जाना चाहिए।
- जिलाधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रयास होना चाहिए कि माह अप्रैल के अन्त तक ग्राम कियान्वयन समिति का गठन कर दिया जाय तथा माह मई के अन्त या जून के प्रथम सप्ताह तक कार्ययोजनायें तैयार कर टी0एस0जी0 की बैठक रख ली जाय जिससे कार्ययोजना पारित हो सके। एवं कार्यों में गति आ सके।

जिलाधिकारी
पौड़ी गढ़वाल

## कार्यालय उप परियोजना निदेशक यू0डी0डब्लू0डी0पी0 फेज-II पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक १२१ / कार्यवृत / पौड़ी / 2022-23 / दिनाँक २० / ०५ / 2022

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित अधिकारी / कर्मचारी को सूचनार्थ प्रेषित।

1. जिलाधिकारी, पौड़ी।
2. मुख्य विकास अधिकारी, पौड़ी।
3. संबन्धित परियोजना क्षेत्र के नोडल प्रभागीय वनाधिकारी, पौड़ी।
4. मुख्य कृषि अधिकारी / परियोजना निदेशक आत्मा, पौड़ी।
5. जिला उद्यान अधिकारी, पौड़ी।
6. मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पौड़ी।
7. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, पौड़ी।
8. अग्रणी बैंक प्रबन्धक, पौड़ी।
9. जिलाप्रबन्धक, नाबार्ड, पौड़ी।
10. जिला कार्यकम अधिकारी, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास परियोजना, पौड़ी।
11. सम्बन्धित विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी यमकेश्वर, दुगड्डा, जयहरीखाल।
12. सम्बन्धित परियोजना क्षेत्र के ग्राम पंचायत एवं बायोडायवर्सिटी मैनेजमेंट कमेटी के चार सदस्य।
13. जनपद के किसान विज्ञान केन्द्र का प्रतिनिधि।
14. परियोजना निदेशक, जैफ–6 जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
15. परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन गढ़वाल क्षेत्र मुनिकीरेती।
16. जलागम प्रबन्ध निदेशालय का प्रतिनिधि।

(आर0सी0 तिवारी)
सदस्य सचिव / उप परियोजना निदेशक
जैफ–6
पौड़ी गढ़वाल